कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेलः–heggcseh@mp.gov.in

वेव- %www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html

सीहोर, दिनांक 16/02/2017

//प्रेस विज्ञप्ति//

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के समाजशास्त्र विभाग की छात्राऐं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के सहयोग से शैक्षणिक भ्रमण हेतु भोपाल स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, जनजातीय संग्रहालय एवं राज्य संग्रहालय भोपाल देखने गई।

जनजातीय संग्रहालय में वीथि संकुल के अन्तर्गत छात्राओं ने विभिन्न प्रदेश की जनजातिय संस्कृति का प्रत्यक्ष अवलोकन कर जानकारियां प्राप्त की।

जनजातिय संग्रहालय में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की जनजातियों के आभुषण, वस्त्र, वाद्ययंत्र, हथियार जीवनयापन मे प्रयुक्त उपकरण इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त कर ज्ञानवर्द्धन किया । चलचित्र हेडा–होडा को देखा।

राज्य संग्रहालय में विभिन्न समय/ऐतिहासिक कालों की मुद्राएं, लिपि मूर्तियां, दैनिक जीवन की वस्तुए, वस्त्र, आभुषण, हथियार इत्यादि का अवलोकन कर भारतीय समाज की विविधता से परिचित हुई। प्राचीन लिपी में छात्राओं ने अपने नाम लिखे एवं अक्षर ज्ञान प्राप्त किया। समाजशास्त्र विषय में जनजातिय समाज को पाठ्यक्रम में एक पेपर के रूप पढ़ाया जाता है। इस शैक्षणिक भ्रमण से छात्राओं ने अपने पाठ्यक्रम को व्यवहारिक रूप में समझकर वैज्ञानिक आधार पर जानकारी प्राप्त की।

यह शैक्षणिक भ्रमण डॉ. सुधा लाहोटी विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, डॉ. मंजरी अग्निहोत्री रा.से.यो. प्रभारी श्री रमाकांत रिछारिया अतिथि विदवान के मार्गदर्शन में 37 छात्राओं ने किया।

(डॉ. सुमन तनेजा)
प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर

Island Cultures of India

वीथि संकुल VEETHI SANKUL
शैक्षणिक भ्रमण
सौजन्य -